E-STAMP NO. : IN-UK16792276570035P

वांछित विवरण (विक्रय–पत्र)

1.	मालियत विक्रय मूल्य	रु0 25,00,000/–
2.	बाजारी मूल्य	रु0 24,91,000/–
3.	कुल स्टाम्प का योग (5 प्रतिशत की दर से)	रु0 1,25,000/–

4. प्रमुख क्षेत्र – राजपुर रोड़, देहरादून।

5. क्षेत्र – नगर निगम क्षेत्र।

6. स्थान – राजपुर रोड़, देहरादून।

7. सम्पत्ति का प्रकार – एक दुकान बिना छत अधिकार के।

8. सर्किल रेट – भूमि – मु0 1,34,500/– रूपये प्रति वर्गमीटर

9. प्रमुख मार्ग से दूरी – विक्रीत सम्पत्ति घंटाघर से आर0टी0ओ0 कार्यालय के मध्य मुख्य राजपुर रोड़ पर स्थित है।

10. खसरा/सम्पत्ति नम्बर – सम्पत्ति 57 राजपुर रोड़ (नया नं0 57/19 राजपुर रोड़) देहरादून में निर्मित शिवा पैलेस शॉपिंग कॉम्पलेक्स के भूतल पर स्थित बिना छत अधिकार के एक दुकान सं0 16, कि जिसका कुल क्षेत्रफल 16.10 वर्गमीटर है, जो सम्पूर्ण निर्मित है, बिना छत अधिकार के।

11. विक्रेता – श्री विश्वास डावर पुत्र श्री टी0 सी0 डावर, निवासी 16, तिलक रोड़, देहरादून।
PAN : AFWPD5393L

12. क्रेतागण – (1) श्री यशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री भीम सिंह एवं (2) श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी श्री यशपाल सिंह, निवासीगण 32, ई0सी0 रोड़, देहरादून।
(1) PAN : AGJPS1598L & (2) PAN : BAFPS7677K

13. रचयिता – श्री निर्भय शर्मा, एडवोकेट।

E-STAMP NO. : IN-UK16792276570035P

फोटोग्राफ

सम्पत्ति 57 राजपुर रोड़ (नया नं0 57/19 राजपुर रोड़) देहरादून में निर्मित शिवा पैलेस शॉपिंग कॉम्पलेक्स के भूतल पर स्थित बिना छत अधिकार के एक दुकान सं0 16, कि जिसका कुल क्षेत्रफल 16.10 वर्गमीटर है, जो सम्पूर्ण निर्मित है, बिना छत अधिकार के।

विक्रेता — श्री विश्वास डावर पुत्र श्री टी0 सी0 डावर।
क्रेतागण — (1) श्री यशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री भीम सिंह एवं
(2) श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी श्री यशपाल सिंह।

ह0 विक्रेता

ह0 क्रेतागण

INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttarakhand

e-Stamp

सत्यमेव जयते

Certificate No.	:	IN-UK16792276570035P
Certificate Issued Date	:	07-Apr-2017 12:05 PM
Account Reference	:	NONACC (SV)/ uk1201704/ DEHRADUN/ UK-DH
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UKUK120170433366659286539P
Purchased by	:	YASHPAL SINGH AND URMILA SINGH
Description of Document	:	Article 23 Conveyance
Property Description	:	RAJPUR ROAD DDUN
Consideration Price (Rs.)	:	25,00,000 (Twenty Five Lakh only)
First Party	:	VISHWAS DAWAR
Second Party	:	YASHPAL SINGH AND URMILA SINGH
Stamp Duty Paid By	:	YASHPAL SINGH AND URMILA SINGH
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	1,25,500 (One Lakh Twenty Five Thousand Five Hundred only)

-------------------------Please write or type below this line-------------------------

विक्रेता,

VO 0000682935

Statutory Alert:

1. The authenticity of this Stamp Certificate should be verified at "www.shcilestamp.com". Any discrepancy in the details on this Ce ti d available on the website renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.

विक्रय–पत्र

श्री विश्वास डावर पुत्र श्री टी0 सी0 डावर, निवासी 16, तिलक रोड़, देहरादून, जिसे इस विक्रय पत्र में आगे "विक्रेता" कहकर सम्बोधित किया गया है।

............विक्रेता

एवम्

(1) श्री यशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री भीम सिंह एवं (2) श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी श्री यशपाल सिंह, निवासीगण 32, ई0सी0 रोड़, देहरादून, जिन्हें आगे इस विक्रय पत्र में "क्रेतागण" कहकर सम्बोधित किया गया है।

.........क्रेतागण

जैसा कि एक कॉमर्शियल इन्सटालमैन्ट प्रा0 लि0 गाँधी रोड़, कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत कम्पनी द्वारा डायरेक्टर श्री माणिक चन्द ने अपने स्वामित्व का एक भूमि खण्ड, स्थित सम्पत्ति सं0 57 राजपुर रोड़ (नया नं0 57/19 राजपुर रोड़) देहरादून, क्षेत्रफल 11535.00 वर्गफीट, को बजरिये विक्रय पत्र दिनांक 27–04–1988 के द्वारा मैसर्स गंगा कन्सट्रक्शन कम्पनी 22 पल्टन बाजार, देहरादून, एक साझेदारी फर्म द्वारा साझीदार श्री विश्वास डावर को विक्रय की, जिसका पंजीकरण उपनिबन्धक महोदय, देहरादून के कार्यालय में बही नं0 1, जिल्द 2662 के पृष्ठ 377, ए0डी0फा0 बुक नं0 1, जिल्द 3079 के पृष्ठ 375 से 424 में नम्बर 3804 पर दिनांक 30–04–1988 को विधिवत् दर्ज व अंकित है।

और जैसा कि उक्त मैसर्स गंगा कन्सट्रक्शन कम्पनी 22 पल्टन बाजार, देहरादून, साझेदारी अधिनियम के अन्तर्गत एक पंजीकृत साझेदारी फर्म थी, जिसका पंजीकरण 512 दिनांक 09–12–1987 था तथा उक्त भूमि खण्ड क्रय करते समय इस फर्म में चार साझीदार क्रमशः श्री विश्वास डावर पुत्र श्री टी0एस0 डावर, निवासी 16 तिलक रोड़, देहरादून, श्रीमती गोपा अरोड़ा पत्नी श्री बलदेव राज अरोड़ा, निवासी 2 आर्शीवाद एनक्लेव, देहरादून, श्रीमती विद्यावती कपूर पत्नी श्री मोती लाल कपूर, निवासी 67 चकराता रोड़, देहरादून एवं श्रीमती सविता कपूर पत्नी श्री हरीश कपूर, निवासी 67 चकराता रोड़, देहरादून थे। तत्पश्चात् उक्त साझीदारों में से श्रीमती विद्यावती कपूर एवं श्रीमती सविता कपूर ने उक्त पार्टनरशिप फर्म से स्वयं को अलग कर लिया तथा उनके स्थान पर एक अन्य साझीदारी विलेख दिनांक 01–04–1992 के द्वारा श्री सतीश कपूर पुत्र श्री मोती लाल कपूर, निवासी 67 चकराता रोड़, देहरादून उक्त फर्म में साझीदार श्री

Urmila

विश्वास डावर एवं श्रीमती गोपा अरोड़ा के साथ साझीदार हो गये। तत्पश्चात् उक्त मैसर्स गंगा कन्सट्रक्शन कम्पनी 22 पल्टन बाजार, देहरादून, एक साझेदारी फर्म द्वारा उक्त भूमि खण्ड पर विक्रय पत्र दिनांक 27–04–1988 द्वारा क्रय की गयी भूमि पर एक व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण किया, जिसमें बेसमैन्ट, भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर दुकानों का निर्माण किया और कुछ दुकानों को विक्रय भी किया गया। तत्पश्चात् उक्त मैसर्स गंगा कन्सट्रक्शन कम्पनी 22 पल्टन बाजार, देहरादून, एक साझेदारी फर्म के उक्त तीनों साझीदार क्रमशः श्री विश्वास डावर, श्रीमती गोपा अरोड़ा एवं श्री सतीश कपूर ने उक्त फर्म दिनांक 01–04–2001 को विघटित कर दी और फर्म में बची हुई दुकानों का आपस में बंटवारा कर लिया। जिसके अनुसार सूची में वर्णित दुकान अन्य दुकानों के साथ विक्रेता के भाग/हिस्से में आयी। इस प्रकार विक्रेता सूची में वर्णित सम्पत्ति कि जो एक दुकान है, का मालिक, स्वामी, काबिज व अध्यासी है कि जिसे इस विक्रय विलेख की सूची में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है तथा आगे सूची में वर्णित सम्पत्ति कहकर सम्बोधित किया गया है।

और जैसा कि विक्रेता का नाम सूची में वर्णित सम्पत्ति की बाबत् नगर निगम, देहरादून के अभिलेखों में दर्ज व अंकित चला आ रहा है। विक्रेता के अलावा सूची में वर्णित सम्पत्ति में अन्य कोई साझीदार अथवा भागीदार नहीं है। इस प्रकार विक्रेता को अपनी सूची में वर्णित सम्पत्ति को विक्रय हस्तान्तरण करने के पूर्ण स्वामित्व अधिकार प्राप्त हैं। विक्रेता की सूची में वर्णित सम्पत्ति आज तक हर प्रकार के भार, बन्धन व जमानत कुर्की, वाद–विवाद न्यायालय, कर्जा सरकारी/गैर सरकारी आदि से पाक व साफ है।

यह कि विक्रेता सूची में वर्णित सम्पत्ति, जिसे इस विक्रय विलेख की सूची में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है, क्रेतागण को मु0 25,00,000/– रूपये (पच्चीस लाख रूपये) की एवज में विक्रय करने को सहमत हैं तथा क्रेतागण भी इसी कीमत में सूची में वर्णित सम्पत्ति क्रय करने को सहमत है, अतः यह विक्रय विलेख अंकित किया जा रहा है।

अतः यह विक्रय विलेख निम्न साक्ष्यांकित करता है:–

1. यह कि उपरोक्त वर्णित इकरार के अन्तर्गत विक्रेता ने सूची में वर्णित सम्पत्ति तथा उसमें निहित अपने समस्त अधिकार, सुखाधिकार कि जिनमें हवा, पानी, रास्ता, नाली आदि आदि के अधिकार शामिल हैं तथा वे अधिकार जो विक्रेता को वर्तमान में प्राप्त हैं तथा वे अधिकार जो विक्रेता को भविष्य में प्राप्त हो सकते हैं, को मु0 25,00,000/– रूपये (पच्चीस लाख रूपये) की एवज़ में आज स्थान देहरादून में स्थाई रूप से सदैव हेतु क्रेतागण को विक्रीत, अन्तरित एवं हस्तान्तरित कर दी है तथा विक्रीत सम्पत्ति से अपना कब्जा हटाकर व उठाकर अपने समान ही स्थल पर बतौर मालिक, स्वामी क्रेतागण को सौंप दिया है तथा क्रेतागण को अपने समान ही सूची में वर्णित सम्पत्ति पर बतौर मालिक, स्वामी, काबिज व अध्यासित करा दिया है।
2. यह कि विक्रेता ने समस्त विक्रय धनराशि मु0 25,00,000/– रूपये (पच्चीस लाख रूपये) द्वारा आर0टी0जी0एस0 सं0 SBI NR52017040500014388 दिनांक 05–04–2017, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा राजपुर रोड़, देहरादून के माध्यम से क्रेतागण से निम्नानुसार प्राप्त कर लिये हैं, जिसकी प्राप्ति की पुष्टि विक्रेता उपनिबन्धक महोदय के समक्ष अपनी पूर्ण सन्तुष्टि में करता हैं तथा विक्रय मूल्य की बाबत कुछ भी लेना–देना शेष नहीं रह गया है।
2. यह कि विक्रेता ने विक्रीत सम्पत्ति का खाली कब्जा आज ही मौके पर क्रेतागण को अपने समान सौंप दिया है।

Urmila

3. यह कि आज से विक्रेता का सूची में वर्णित सम्पत्ति पर कोई हक व अधिकार नहीं रहा गया है। आज से क्रेतागण सूची में वर्णित सम्पत्ति का संयुक्त मालिक, स्वामी, काबिज, अध्यासी हो गया हैं। क्रेतागण को अधिकार होगा कि वह सूची में वर्णित सम्पत्ति का जिस प्रकार चाहे प्रयोग करें, उपयोग करें, उपभोग करें, जल संयोग, विद्युत संयोग, सीवर संयोग, दूरभाष संयोग प्राप्त करें, अन्य किसी व्यक्ति को विक्रीत, अन्तरित, हस्तांतरित करें, इसमें विक्रेता को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी।

4. यह कि सूची में वर्णित सम्पत्ति की बाबत आज तक जो भी कर, बिजली, पानी, टैक्स आदि वाजिब होंगे, उनको अदा करने की पूर्ण जिम्मेदारी विक्रेता की होगी। आज के पश्चात् अदा करने की जिम्मेदारी क्रेता की होगी।

5. यह कि क्रेतागण को अधिकार होगा कि वह विक्रीत सम्पत्ति/दुकान के स्वामित्व से सम्बन्धित अभिलेखों से विक्रेता का नाम खारिज करवाकर अपना नाम बतौर मालिक, स्वामी, दर्ज व अंकित करावे। नामांकन कार्यवाही में विक्रेता, क्रेतागण को पूर्ण सहयोग देगा।

6. यह कि यदि भविष्य में क्रेतागण को विक्रेता से सूची में वर्णित सम्पत्ति की बाबत किसी प्रकार का कोई दस्तावेज अंकित कराने अथवा बयान दिलाने की आवश्यकता पड़ती है तो ऐसी कार्यवाही विक्रेता, क्रेतागण के व्यय व अनुरोध पर करने के लिये बाध्य होगा।

7. यह कि भविष्य में यदि विक्रीत की जा रही सम्पत्ति या उसका कोई भाग विक्रेता के किसी दोष के कारण क्रेतागण के स्वामित्व व अध्यासन से निकल जाता है तो उस दशा में होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति क्रेतागण, विक्रेता से अथवा उनकी चल–अचल सम्पत्ति से प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

8. यह कि क्रेतागण को सूची में वर्णित सम्पत्ति का अध्यासन विक्रेता ने स्थल पर सौंप दिया है। क्रेतागण दुकान में किसी भी प्रकार का वैध व्यापार करने के अधिकारी होंगे, किन्तु वे दुकान में दुकानों की डैन्टिंग–पेन्टिंग तथा शराब आदि की दुकान नहीं करेंगे। क्रेतागण दुकान में ऐसा कोई व्यापार नहीं करेंगे, जो विधि में वर्जित हो। क्रेतागण दुकान में ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे या ऐसा कोई सामान नहीं रखेंगे, जिससे सम्पूर्ण सम्पत्ति शिवा पैलेस शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण या उसके ढांचें पर कोई विपरीत प्रभाव पड़े तथा क्रेतागण ऐसा भी कोई कार्य नहीं करेंगे, जिससे शॉपिंग कॉम्पलेक्स अन्य किसी दुकानदार की दुकान या संयुक्त दीवारों में कोई क्षति हो। क्रेतागण दुकान में ऐसा भी कोई कार्य नहीं करेंगे, जिससे धुंआ पैदा हो और वह मानव जीवन के लिए खतरनाक हो। विक्रेता या उसका एजेन्ट दुकान में आकर कभी भी शॉपिंग कॉम्पलेक्स में संयुक्त सुविधाओं का निरीक्षण कर सकते हैं। दुकान शिवा पैलेस शॉपिंग कॉम्पलेक्स में स्थित है। विक्रेता के अलावा अन्य किसी को इसका नाम बदलने का अधिकार नहीं होगा तथा क्रेतागण ऐसा कोई कार्य या निर्माण नहीं करेंगे, जिससे अन्य दुकानों या छत पर कोई नुकसान हो। विक्रेता अन्य स्वामियों के साथ मिलकर शॉपिंग कॉम्पलेक्स में विधिनुसार कोई भी निर्माण कर सकता है, अतिरिक्त तल का निर्माण कर सकता, इसमें क्रेतागण को कोई आपत्ति नहीं होगी। क्रेतागण दुकान में उपलब्ध निर्मित क्षेत्र में ही अपना कार्य करेंगे। क्रेतागण शिवा पैलेस शॉपिंग कॉम्पलेक्स में संयुक्त सुविधाओं, जीना, बॉलकनी, संयुक्त पैसेज में किसी प्रकार का कोई अवरोध उत्पन्न नहीं करेंगे। क्रेतागण शिवा पैलेस शॉपिंग कॉम्पलेक्स में संयुक्त सुविधाओं का उपयोग मैन्टीनेन्स एग्रीमैन्ट के अन्तर्गत करेंगे। विक्रेता ने यह सम्पत्ति बेसमैन्ट और छत के अधिकारों के बिना विक्रीत की है।

9. यह कि क्रेतागण ने सूची में वर्णित सम्पत्ति के कागजातों का निरीक्षण कर लिया है तथा मौके पर सम्पत्ति देखकर अपनी सन्तुष्टि कर ली है।

Urmila

10. यह कि विक्रेता एवं क्रेतागण ने अपने–अपने फोटो स्वयं अपने हस्ताक्षरों से सत्यापित किये है।
11. यह कि विक्रेता एवं क्रेतागण ने गवाहों की शिनाख्त की तथा गवाहों ने विक्रेता एवं क्रेतागण की शिनाख्त की तथा सभी पक्षों ने एक–दूसरे के समक्ष उक्त विक्रय विलेख पर हस्ताक्षर/अंगूठा निशानी किये।
12. यह कि यह विक्रय विलेख "विक्रेता", "क्रेतागण" के वारिसान, उत्तराधिकारी, हित प्रतिनिधि आदि–आदि पर लागू व प्रभावी रहेगा।

वांछित विवरण

(1) यह कि विक्रेता एवं क्रेतागण के मध्य पूर्व में कोई इकरार पंजीकृत नहीं है।
(2) यह कि विक्रीत सम्पत्ति सीलिंग के प्रावधानो से मुक्त है तथा विक्रीत सम्पत्ति की बाबत कोई सीलिंग विवाद लम्बित नहीं है।
(3) यह कि विक्रीत सम्पत्ति नगर निगम, देहरादून की सीमा के अन्तर्गत स्थित है, जिस कारण इस विलेख की सूची में वर्णित भूमि/सम्पत्ति को क्रय करने से उत्तरांचल अधिनियम संख्या–29 वर्ष 2003 का किसी प्रकार से उल्लंघन नहीं हो रहा है और वर्तमान विक्रय पत्र के माध्यम से सूची में वर्णित भूमि/सम्पत्ति को क्रय करने में कोई विधिक् अड़चन नहीं है।
(4) यह कि विक्रीत सम्पत्ति घंटाघर से आर0टी0ओ0 कार्यालय के मध्य राजपुर रोड पर मुख्य राजपुर रोड़ से 51 से 350 मीटर के अन्तर्गत स्थित है।
(5) यह कि विक्रीत की जा रही सम्पत्ति एक दुकान है, जिस कॉम्पलेक्स में दुकान स्थित है वह राजपुर रोड़ पर स्थित है। इलाके का सर्किल रेट मु0 1,34,500/– रूपये प्रति वर्गमीटर पर निर्धारित है। दुकान राजपुर रोड़ पर स्थित होने के कारण सर्किल रेट में 15 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए सर्किल रेट मु0 1,54,675/– रूपये प्रति वर्गमीटर बनता है। दुकान का भूखण्ड का कुंल क्षेत्रफल 16.10 वर्गमीटर है। जिसके अनुसार सम्पत्ति/दुकान की कुल बाजारी कीमत मु0 24,91,000/– रूपये बनती है। दुकान मु0 25,00,000/– रूपये में विक्रय की जा रही है, जिस पर 5 प्रतिशत की दर से मु0 1,25,000/– रूपये का स्टाम्प शुल्क अदा किया जा रहा है।

सूची सम्पत्ति (दुकान)

सम्पत्ति 57 राजपुर रोड़ (नया नं0 57/19 राजपुर रोड़) देहरादून में निर्मित शिवा पैलेस शॉपिंग कॉम्पलेक्स के भूतल पर स्थित बिना छत अधिकार के एक दुकान सं0 16, कि जिसका कुल क्षेत्रफल 16.10 वर्गमीटर है, जो सम्पूर्ण निर्मित है, बिना छत अधिकार के, जिसे संलग्न मानचित्र में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है तथा जिसकी सीमाएं एवं नाप निम्न प्रकार हैं:–

पूरब में – सम्पत्ति विक्रेता/दुकान सं0 17, सीमा में नाप 16 फीट 6 इंच।
पश्चिम में – सम्पत्ति/दुकान सं0 15, सीमा में नाप 16 फीट 6 इंच।
उत्तर में – कॉमन पैसेज, सीमा में नाप 10 फीट 6 इंच।
दक्षिण में – सम्पत्ति अन्य, सीमा में नाप 10 फीट 6 इंच।

अतः यह विक्रय विलेख विक्रेता एवं क्रेतागण ने आज दिनांक 07–04–2017 को अपने पूर्ण होशोहवास में बिना किसी के बहकावे में आये व स्वस्थ दशा में स्थान देहरादून में साक्षीगण के समक्ष अंकित व निष्पादित किया ताकि समयानुसार काम आवे व सनद रहे।

<u>रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 की धारा 32–ए के अनुपालन हेतु फिंगर प्रिंटस</u>

विक्रेता का नाम एवं पताः– **श्री विश्वास डावर पुत्र श्री टी0 सी0 डावर, निवासी 16, तिलक रोड़, देहरादून।**

बायें हाथ (Left Hand) की अंगुलियों के चिन्ह–

अंगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका

दायें हाथ (Right Hand) की अंगुलियों के चिन्ह–

अंगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका

ह0 विक्रेता

क्रेता का नाम एवं पताः– **(1) श्री यशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री भीम सिंह, निवासी 32, ई0सी0 रोड़, देहरादून।**

बायें हाथ (Left Hand) की अंगुलियों के चिन्ह–

अंगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका

दायें हाथ (Right Hand) की अंगुलियों के चिन्ह–

अंगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका

ह0 क्रेता सं0 1

क्रेता का नाम एवं पता:– **(2) श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी श्री यशपाल सिंह, निवासी 32, ई0सी0 रोड़, देहरादून।**

बायें हाथ (Left Hand) की अंगुलियों के चिन्ह–

अंगुष्ठ	तर्जनी	मध्यमा	अनामिका	कनिष्ठिका

दायें हाथ (Right Hand) की अंगुलियों के चिन्ह–

अंगुष्ठ	तर्जनी	मध्यमा	अनामिका	कनिष्ठिका

ह0 क्रेता सं0 2

गवाह:–

1. बी0 आर0 अरोड़ा
पुत्र श्री भग. राज
नि0 155, राजपुर रोड़,
जाखन, देहरादून।
V.I.D. No. : MYC3158136

2. सतीश कपूर
पुत्र श्री एम0 एल0 कपूर
नि0 67, वार्ड नं0 56,
चकराता रोड़, देहरादून।
U.I.D. No. : 3925 2235 3888

इस विक्रय विलेख की रचना विक्रेता एवं क्रेतागण द्वारा उपलब्ध कराये दस्तावेजों एवं बताये गये तथ्यों के आधार पर **श्री निर्भय शर्मा, एडवोकेट** द्वारा कम्प्यूटर पर टाईप किया गया तथा गवाहों ने विक्रेता एवं क्रेता की शिनाख्त की।

नक्शा नजरी E-STAMP NO. : IN-UK16792276570035P

सम्पत्ति 57 राजपुर रोड़ (नया नं0 57/19 राजपुर रोड़) देहरादून में निर्मित शिवा पैलेस शॉपिंग कॉम्पलेक्स के भूतल पर स्थित बिना छत अधिकार के एक दुकान सं0 16, कि जिसका कुल क्षेत्रफल 16.10 वर्गमीटर है, जो सम्पूर्ण निर्मित है, बिना छत अधिकार के।

विक्रेता – श्री विश्वास डावर पुत्र श्री टी0 सी0 डावर।

क्रेतागण – (1) श्री यशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री भीम सिंह एवं
(2) श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी श्री यशपाल सिंह।



ह0 विक्रेता

ह0 क्रेतागण

बही संख्या 1 जिल्द 1,617 के पृष्ठ 237 से 262 पर क्रमांक 1459

पर आज दिनांक 07 Apr 2017 को रजिस्ट्रीकरण किया गया।

रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी /
उप-निबंधक,देहरादून,तृतीय
07 Apr 2017